**भारत सरकार**
**विद्युत मंत्रालय**
**....**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-565**
**जिसका उत्तर 21 नवम्बर, 2016 को दिया जाना है ।**

**देश में बिजली की स्थिति**

**565. श्री सी. पी. नारायणनः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ऐसे गांव और कस्बे हैं जहां विद्युतीकरण नहीं हुआ है या आंशिक रूप से हुआ है और यदि हां, तो इनकी संख्या कितनी है;

(ख) घरों और लोगों की संख्या का ब्यौरा जिन्हें अभी तक बिजली सुविधा प्राप्त नहीं हुई है;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान बिजली की स्थापित क्षमता और खपत क्या है; और

(घ) बिजली की अप्रयुक्त क्षमता क्या है और यदि हां, तो यह कितनी है?

**उत्तर**

**विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) :** राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, दिनांक 01.04.2015 की स्थिति के अनुसार, देश में 18,452 गैर-विद्युतीकृत जनगणना गांव थे। दिनांक 31.10.2016 की स्थिति के अनुसार, इनमें से 10,628 गांव विद्युतीकृत किए जा चुके हैं तथा शेष 7,824 गैर-विद्युतीकृत गांवों को मई, 2018 तक विद्युतीकृत किए जाने का लक्ष्य है।

**(ख) :** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, देश के 1678 लाख ग्रामीण घरों में से 750 लाख गैर-विद्युतीकृत ग्रामीण घर थे, तथापि, दिनांक 31.10.2016 की स्थिति के अनुसार, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) के अंतर्गत ग्रामीण विद्युतीकरण घटक सहित 249.89 लाख बीपीएल घरों को कनैक्शन जारी किए गए हैं।

**(ग) :** विगत 3 वर्षों अर्थात् 2013-14 से 2015-16 के दौरान भारत में विद्युत की संस्थापित क्षमता नीचे दी गई है :

| वर्ष | **2013-14** | **2014-15** | **2015-16** |
|---|---|---|---|
| संस्थापित क्षमता {आरईएस (मेगावाट) सहित} | 245258.53 | 271722.17 | 302087.84 |

वर्ष 2012-13, 2013-14 तथा 2014-15 के दौरान भारत में विद्युत की खपत नीचे दी गई है :

| वर्ष | **2012-13** | **2013-14** | **2014-15** |
|---|---|---|---|
| बिजली की खपत (जीडब्ल्यूएच) | 824301.17 | 874208.57 | 948521.82 |

**(घ) :** दिनांक 14.11.2016 की स्थिति के अनुसार, लाभग्राहियों से **इसका** कार्यक्रम न मिलने के कारण, 23273.5 मेगावाट क्षमता की कोयला एवं लिग्नाइट आधारित ताप विद्युत उत्पादन इकाइयों का उपयोग (**रिजर्व शट डाउन**) नहीं हुआ। गैस एवं अन्य तरल/बहु ईंधन विद्युत स्टेशनों की उपयोग में नहीं लाई जा रही क्षमता की मात्रा का आकलन नहीं किया जा सकता क्योंकि यह गैस की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

********